भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*313

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम बंगाल में पर्यटन विकास संबंधी परियोजनाएं

†*313. डॉ. शर्मिला सरकार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में केन्द्रीय क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत पर्यटन परियोजनाओं, विशेषकर बर्धमान, बांकुड़ा और बीरभूम जिलों की विरासत और पर्यटन क्षमता के संरक्षण, पुनरुद्धार और संवर्धन के उद्देश्य से स्वीकृत ऐसी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त राज्य को विभिन्न पर्यटन विकास योजनाओं के अंतर्गत आवंटित और जारी की गई तथा राज्य द्वारा उपयोग में लाई गई धनराशि का योजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या केन्द्र सरकार का विचार वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त राज्य के लिए किन्हीं नई पर्यटन विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

डॉ. शर्मिला सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल में पर्यटन विकास संबंधी परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*313 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों की पहचान, विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना और 'राष्ट्रीय तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से पश्चिम बंगाल राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप उनके द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति एवं सरकारी निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके, पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान केंद्रीय क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में स्वीकृत पर्यटन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करना एक सतत प्रक्रिया है। गंतव्यों और परियोजनाओं का चयन/स्वीकृति राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों, योजना दिशानिर्देशों के अनुसार उनके मूल्यांकन और निधियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। तदनुसार, स्वदेश दर्शन पोर्टल खोल दिया गया है और एसडी 2.0 योजना के अंतर्गत विचारार्थ सभी राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। पश्चिम बंगाल तथा अन्य राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्राप्त पात्र प्रस्तावों पर मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार तथा मूल्यांकन और निधियों की उपलब्धता के अधीन विचार किया जाता है।

*****

अनुबंध

डॉ. शर्मिला सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल में पर्यटन विकास संबंधी परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*313 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

दिनांक 05.06.2026 तक प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	पश्चिम बंगाल	2016-17	बेलूर मठ का विकास	30.03	28.30	23.39

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**एजेंसी**	**परियोजना का नाम**	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	एनएचआईडीसीएल	उत्तर-पूर्वी राज्य में 22 व्यू पॉइंट का विकास (i) नागालैंड (2 व्यू पॉइंट) - 5.77 करोड़ रुपए। (ii) मेघालय (3 व्यू पॉइंट) - 6.26 करोड़ रुपये। (iii) मिजोरम (9 व्यू पॉइंट) - 12.78 करोड़ रुपये। (iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यू पॉइंट) - 6.25 करोड़ रुपये। (v) मणिपुर (3 व्यू पॉइंट) - 5.93 करोड़ रुपये। (vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू पॉइंट) -	नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपाल सिक्किम/ पश्चिम बंगाल	2022-2023	44.44	35.55	35.55

		3.70 करोड़ रुपए।					
2.		रामपुरहाट रेलवे स्टेशन	पश्चिम बंगाल	2017-2018	3.48	1.74	0
3.		तारकेश्वर रेलवे स्टेशन	पश्चिम बंगाल	2017-2018	3.87	1.93	0
4.		न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन	पश्चिम बंगाल	2019-2020	4.55	2.27	2.0

स्वदेश दर्शन (एसडी) योजना:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	पश्चिम बंगाल	तटीय 2015-16	तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास	67.99	65.07	65.07

*****